**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

# राज्यपाल से मिले मुख्यमंत्री
## मारिशस यात्रा एवं शहरी निकाय चुनाव के बारे में राज्यपाल को अवगत कराया
## दीक्षान्त समारोह में राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के संभावित दौरे पर भी बातचीत हुई

लखनऊ: 8 नवम्बर, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिष्टाचारिक भेंट की। मुख्यमंत्री ने अपनी मारिशस यात्रा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से प्रदेश में होने वाले शहरी निकाय चुनाव के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि प्रदेश के 29 राज्य विश्वविद्यालय हैं जिनमें से 4 विश्वविद्यालय नए होने के कारण उनके छात्र स्नातक स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। शेष 25 विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह आयोजित किए जा रहे हैं जिनमें से 11 विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह सम्पन्न हो गए हैं तथा 14 विश्वविद्यालयों के दीक्षान्त समारोह अभी होने शेष हैं। राज्यपाल ने कहा कि 2 दिसम्बर, 2017 को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर में मुख्य अतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू का आना प्रस्तावित है तथा 5 दिसम्बर, 2017 को डाॅ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय आगरा के दीक्षान्त समारोह में माननीय राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद संभावित मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि इस दृष्टि से उनके आवागमन एवं सुरक्षा की दृढ़ व्यवस्था की जाए।

श्री नाईक ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि उनकी पुस्तक 'चरैवेति! चरैवेति!!' का संस्कृत अनुवाद भी दिसम्बर माह में प्रकाशित होगा।

-----

अंजुम/ललित/राजभवन (421/8)